प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए प्रत्याशी कर सकते हैं ऑनलाइन नामांकन : भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की वेबसाइट।
2. प्रदेश के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन जारी : तीसरे दिन विभिन्न दलों के चार प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन।
3. इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को दिया असंवैधानिक करारः एक्ट को बताया धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ।

और

4. पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने गुरुग्राम से रिसॉर्ट मालिक को किया गिरफ्तार : इसी रिसॉर्ट में 1000 अभ्यर्थियों को पढ़वाया गया था पेपर।

————————

लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बारे में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों को

यह सुविधा दी है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबसाइट लिंक जारी किया गया है। श्री रिणवा ने बताया कि जो प्रत्याशी ऑनलाइन नामांकन करना चाहते हैं उन्हें वेबसाइट सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉगइन करना होगा। इसके बाद नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिन्ट निकालकर प्रारूप–1 में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल करना होगा। इसी प्रकार शपथ पत्र भी वेबसाइट लिंक के माध्यम से ऑनलाइन भरकर एवं उसके प्रिन्ट आउट को शपथ–पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल करना होगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद जमानत धनराशि भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा दी गयी है।

———————

प्रदेश के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुरू हुए नामांकन के तीसरे दिन विभिन्न दलों के चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नगीना लोकसभा सीट के लिए आजाद समाज पार्टी –कांशीराम के चन्द्रशेखर और समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार ने नामांकन किया। इसी प्रकार मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया –कम्युनिस्ट के हर किशोर सिंह और रामपुर लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय समाज दल –आर से संजय कुमार भारती ने नामांकन दाखिल किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है। इन लोकसभा सीटों में 7 सामान्य सीटें है, वहीं नगीना सीट आरक्षित है। पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। नामांकनपत्रा की जांच 28 मार्च को होगी तथा 30 मार्च को नाम वापसी का दिन तय है। प्रथम चरण

सहारनपुर में अब तक 22 प्रत्याशी नामांकन पत्र खरीद चुके हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

*सहारनपुर में लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई है। आज तीसरे दिन तक 22 प्रत्याशी नामांकन पत्र खरीद चुके हैं। इनमें बसपा से माजिद अली के अलावा निर्दलीय व अन्य दलों के प्रत्याशी हैं। सहारनपुर में नामांकन प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च है। 24 और 25 मार्च को होली का अवकाश रहेगा।*

*विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार, सहारनपुर।*

—————————

लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस द्वारा मतदाता जागरूकता रैली

निकाली गई। इसके बाद एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयं सेवकों ने मतदान करने की शपथ ली। वहीं चित्रकूट जिले में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में डोर ट, डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शहर के पुराने बाजार रामलीला मैदान से घरों के बाहर मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर लगाये गए और विशेषकर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अतरैया और मुंडेरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस मौके पर लोगों को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं अमरोहा में जिलाधिकारी राजेश कुमारत्यागी ने कार्मिक प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंन कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें और इस महापर्व में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

वहीं पीलीभीत में अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को सक्षम एप के बारे में जानकारी दी, ताकि व आसानी से अपने मत का प्रयोग कर सकें। एक रिपोर्ट..

*"पीडब्ल्यूडी एप का नाम बदलकर अब सक्षम ईसीआई कर दिया गया है, यह एप दिव्यांगजनों को निर्वाचन आयोग की सेवाओं से जोड़ता है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि सक्षम ईसीआई एप को स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड व इंस्टॉल कर सकते है। इसके*

*जरिए मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर, पिक एण्ड ड्रॉप और सहायता के लिए भी अनुरोध किया जा सकेगा। खोज टैब से दिव्यांग्यजन मतदाता सूची में अपना नाम, बूथ और मतदान केन्द्र खोज सकते हैं। शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है।*

*सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार, पीलीभीत।"*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

———————

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार देते हुए इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ बताया। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने यूपी सरकार को मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट का**

यह फैसला उस रिट याचिका पर आया, जिसमें यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 और उनकी शक्तियों को चुनौती दी गई थी। उल्लेखनीय है कि मदरसों की जांच के लिए यूपी सरकार ने अक्टूबर 2023 में एसआईटी का गठन किया था।

———————————

एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में हरियाणा के गुरुग्राम से रिसॉर्ट मालिक सतीश धनकड़ को गिरफ्तार कर लिया है। सतीश धनकड़ के रिसॉर्ट में ही 16 फरवरी को पेपर लीक कराया गया था और 1000 अभ्यर्थियों को बुलाकर एक साथ पेपर पढ़वाया गया था। पेपर को आउट कराने की पूरी प्लानिंग भी रिसॉर्ट में ही बनी थी। इसमें दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल, बिहार का डॉक्टर समेत अन्य शहरों से सॉल्वर आए थे। एसटीएफ मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह के अनुसार, सतीश धनकड़ को कंकरखेड़ा थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 18 फरवरी को हुई थी और इसमें लगभग 40 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर फैलते ही इसके विरोध में पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हुए थे, जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी और छह महीने के अंदर फिर से परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया था।

————————

बदायूं में दो सगे भाईयों की हत्या के आरोपी जावेद को आज कड़ी सुरक्षा में सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपित को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जावेद को भीड़ ने बरेली जिले के बारादरी थाना क्षेत्र के सेटेलाइट बस स्टैंड के पास से कल पकड़ा था। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर उसे बदायूं जनपद पहुंची थी, जहां उससे कई घंटे पूछताछ की गई थी।

————————

होली के मद्देनजर 27 मार्च तक प्रदेश के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टिया निरस्त करने का आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने इस संदर्भ में सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के कप्तानों को निर्देश भेजा है। अपने निर्देश में डीजीपी ने कहा है कि होली पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस कमियों के अवकाश स्वीकृत न किये जाये। साथ ही जो पुलिसकर्मी अवकाश पर है, उन्हें वापस बुला लिया जाये। केवल विशेष परिस्थितियों में उच्च अधिकारियों की अनुमति से ही अवकाश स्वीकृत किये जायें।

————————

प्रदेशभर में होली को लेकर बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। समूचा ब्रज मंडल होली के रंगो में सराबोर

नजर आ रहा है। यहां के प्रमुख श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर, वृन्दावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और इस्कॉन मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्वालु अपने आराध्य को साक्षी मानते हुए अबीर गुलाल से होली खेल रहे हैं। यहाँ जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं।

वहीं वाराणसी, पीलीभीत के बाजारों में भी खास रौनक और उत्साह का माहौल ह। पीलीभीत के पूरनपुर स्थित शिवशक्ति धाम मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन करके भगवान के साथ फूलों की होली खेली।

—————————

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कथित शराब नीति घोटला मामले में गिरफ़्तारी के विरोध में आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आप कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मिर्जापुर और फर्रुखाबाद में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान अरविंद केजरीवाल को रिहा करने की मांग की।

(समाप्त)